# परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय -नरोरा

कक्षा -सातवीं [ तृतीय पीरियोडिक परीक्षा ] पूर्णांक -40

विषय - हिन्दी समय -एक घंटे

निर्देश -सुलेख का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

प्रश्न -1 निम्न दोहे की सप्रसंग व्याख्या कीजिये - [3]

तरुवर फल नहिं खात हैं ,सरवर पियत न पान |

कहि रहीम परकाज हित ,संपति -संचही सुजान ||

प्रश्न -2 किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये - [10]

1-"मास्टर जी की आवाज अब कम ऊंची थी |वे रेलगाड़ी के बारे में बता रहे थे "मास्टर जी की आवाज धीमी क्यों हो गई ?लिखिए |

2-आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई ?

3-खानपान में बदलाव के कौन से फायदे हैं ?फिर लेखक इस बदलाव को लेकर चिंतित क्यों हैं ?

4-लेखिका को नीलकंठ की कौन -कौन सी चेष्टायें बहुत भाती थीं ?

5- वसंत ऋतु में नीलकंठ के लिए जाली घर में बंद रहना असहनीय क्यों हो जाता था ?

प्रश्न -3 महाभारत संबंधी किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये - [6]

1-राजा विरत के यहाँ अज्ञातवास में पांडव किस नाम और रूप में रहे ?

2-द्रौपदी ने किस नाम से क्या काम लिया ?

3-भीष्म पितामह ने दुर्योधन को क्या सलाह दी ?

4-राजा विराट ने अर्जुन के सामने [समक्ष ]क्या प्रस्ताव रखा ?

प्रश्न -4 निम्नलिखित शब्दों के प्रचलित हिन्दी रूप लिखिए -जैसे -परे -पड़े [ 4]

1- बिपति === 2-बादर ====3- मछरी =======4 - सीत =========

प्रश्न -5 निम्न विशेषणों का वाक्य प्रयोग कीजिये - [4]

1- ठंडी अँधेरी रात 2- खट्टी -मीठी गोलियाँ 3- ताजा स्वादिष्ट भोजन 4- स्वच्छ रंगीन कपड़े

प्रश्न -6 उचित वाक्यांश चुनकर वाक्यों के खाली स्थान भरिए - [4]

[छप से , टप से ,थर्र से , फुर्र से , सन से ]

1- मेंढक पानी में --------------कूद गया | 2- शोर होते ही चिड़िया ----------उड़ी |

3-नल बंद होने के बाद पानी की एक बूंद --------- चू गई |

4-ठंडी हवा -------------गुजरी ,मैं ठंड में -----काँप गया |

प्रश्न -7 संधि विच्छेद कीजिये - जैसे विस्मयाभिभूत = विस्मय +अभिभूत [4]

1- नीलाभ -------2- सिंहासन -------3- नवागंतुक 4- मंडलाकार

प्रश्न -8 वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान आने पर मित्र को बधायी पत्र लिखिए - [5]

अथवा

किसी एक विषय पर निबंध लिखिए -1- स्वदेश प्रेम 2- समय का सदुपयोग 3-परिश्रम का महत्त्व